# तीन जून से रचनात्मक लेखन पर साहित्य अकादेमी की कार्यशाला

**वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली**

साहित्य अकादेमी द्वारा बच्चों के लिए हिंदी और अंग्रेजी में रचनात्मक लेखन पर एक कार्यशाला का आयोजन 3 जून 2024 से 7 जून 2024 के बीच साहित्य अकादेमी, रवीन्द्र भवन नई दिल्ली में किया जाएगा। किस्सा-ओ-कलम, बोलती कलम,शीर्षक से आयोजित इस कार्यशाला का यह पांचवा संस्करण है। इस वर्ष कार्यशाला का विषय अभिलाषा, स्वप्न, आविष्कार, कल्पना और सृजनात्मक लेखन है। इस कार्यशाला में 9 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे भाग ले सकते हैं। अकादेमी द्वारा पहली बार, उक्त कार्यशाला का आयोजन मई 2017 में किया गया था तथा अब तक 4 कार्यशालाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। हमारी युवतर पीढ़ी को हमारी भाषाओं और साहित्य के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए अकादेमी द्वारा यह अपनी तरह की विशिष्ट पहल है। यह 5-दिवसीय कार्यशाला बच्चों को पढ़ने-लिखने तथा भाषा का आनंद लेने और पुस्तकों के सृजन की दिशा में उन्हें रचनात्मक रूप से मदद करने का प्रयास है। कार्यशाला के बारे में और अधिक जानकारी साहित्य अकादेमी की वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।